9
7

सं0सं0–03/नि0स0–55/2024

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

रेणु कुमारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा मे,

डा0 सुधांशु कुमार,
चिकित्सा पदाधिकारी,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर ।

पटना, दिनाक :

विषय. **दिनांक 31.08.2026 से 13.09.2026 तक निजी कारणों से विदेश (ऑस्ट्रेलिया) जाने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर के ज्ञापांक–1434, दिनांक 17.04.2026** के प्रसग मे नियमानुसार निम्नांकित शर्तों के साथ **दिनांक 31.08.2026 से 13.09.2026 तक निजी कारणों से विदेश (ऑस्ट्रेलिया)** जाने की अनुमति प्रदान की जाती है–

(i) अवकाश अवधि का विस्तार अनुमान्य नहीं होगा ।
(ii) प्रवास के दौरान धनोपार्जन हेतु अपने पेशे का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा ।
(iii) यह यात्रा बिल्कुल निजी होगी तथा किसी भी तरह का यात्रा भत्ता देय नही होगा ।
(iv) सभी तरह का व्यय स्वयं वहन करना होगा ।
(v) प्रवास के दौरान किसी भी तरह का लेखे का भुगतान प्राप्त नहीं किया जायेगा।
(vi) **डा0 सुधांशु कुमार** मुख्यालय छोडने के पूर्व अपने नियंत्री पदाधिकारी/विभाग को **विदेश (ऑस्ट्रेलिया)** प्रवास के दौरान सम्पर्क का पता एवं सम्पर्क नम्बर उपलब्ध करायेगे ।
(vii) एतद्सबंधी अवकाश संचित उपार्जित अवकाश से सामांजित होगा ।
(viii) विदेश यात्रा से लौटने के बाद अपने पार–पत्र की छाया प्रति विभाग को उपलब्ध करायेगे ।

02 प्रस्ताव मे सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
**(रेणु कुमारी)**

ज्ञापांक . 693(3) /स्वा0, पटना, दिनांक : 6/8/26

**प्रतिलिपिः** महालेखाकार (ले0 एवं ह0), वीरचन्द पटेल पथ. पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना** को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर**/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/डा0 सुनील कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 17 एवं 18ए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी